प्रेस नोट **दिनांक 26.06.2026**

थाना मुहम्मदाबाद साइबर पुलिस टीम द्वारा, फ्रॉड हुए 22000-/ रुपये पीडित को वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद व प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में थाने पर साइबर टीम थाना मुहम्मदाबाद साइबर पुलिस टीम द्वारा पीडित प्रशान्त भारस्कर पुत्र दयानन्द भास्कर निवासी भुइलीपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ की 22000-/ रुपये की धनराशि अंजान व्यकित द्वारा फ्राड कर ली गयी थी जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा समय रहते साइबर कम्प्लेन की शिकायत की गयी। उक्त शिकायत के आधार पर थाना मुहम्मदाबाद में नियुक्त साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये पीड़ित के खाते से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि 22000/- रुपये वापस कराया गया।

प्रेस नोट

26/06/2026

जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी व विभिन्न मामलों में वांछित/वारंटी अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

थानावार कार्यवाही का विवरण –

1. थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा दिनांक 26.06.2026 को मु0अ0स0133/26 धारा 109(1), 134 से संबंधित अभियुक्त मोनू कुमार उर्फ रामसूरत पुत्र स्व0 रामाशंकर राजधानी थाना झगहा जनपद गोरखपुर बरसातपुर अण्डर पास के पास से गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

2. थाना रामपुर पुलिस द्वारा दिनांक 26.06.2026 को एक नफर वारण्टी फरियाद नट पुत्र स्व0 बदन नट निवासी नियामतपुर हबीबपुर थाना रामपुर को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

जमीनी विवाद को लेकर गोली चलाने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक अदद रिवाल्वर 05 अदद खोखा कारतूस व 10 अदद जिन्दा कारतूस बरामद–

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे वांछित अपराधियों के विरूद्ध गिरफ्तारी अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार, क्षेत्राधिकारी मधबुन श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर ग्राम अइलख से मु0अ0सं0 131/2026 धारा 109, 131बीएनएस व 30 आर्म्स एक्ट से संबंधित अभियुक्त प्रबीण सिंह पुत्र बब्बन सिंह निवासी अइलख थाना हलधरपुर के कब्जे से एक अदद रिवाल्वर 05 अदद खोखा कारतूस, 10 अदद जिन्दा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया तथा चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. प्रबीण सिंह पुत्र बब्बन सिंह निवासी अइलख थाना हलधरपुर जनपद मऊ।

गिरफ्तारी का स्थान-

1. ग्राम अइलख समय लगभग 19 : 19बजे

बरामदगी का विवरण -

1. 01 अदद रिवाल्वर
2. 05 अदद खोखा कारतूस
3. 10 अदद जिन्दा कारतूस

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 26.06.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-

इस अभियान के अंतर्गत 32 टीम गठित कर जनपद के 39 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1300 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 427 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 05 वाहन को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

थाना कोपागंज साइबर पुलिस टीम द्वारा, फ्रॉड हुए 8905-/ रुपये पीडित को वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी घोसी व प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में थाने पर साइबर टीम थाना कोपागंज साइबर पुलिस टीम द्वारा पीडित अबू हूजाइफा पुत्र नशीम अहमद निवासी जुम्मनपुर थाना कोपागंज जनपद मऊ की 8905-/ रुपये की धनराशि अंजान व्यकित द्वारा फ्राड कर ली गयी थी जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा समय रहते साइबर कम्प्लेन की शिकायत की गयी । उक्त शिकायत के आधार पर थाना कोपांगज में नियुक्त साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये पीड़ित के खाते से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि 8905/- रुपये वापस कराया गया।

गुम/खोये हुए कुल 01 अदद मोबाइल फोन अनुमानित कीमत लगभग 12999/-रुपये साइबर पुलिस टीम थाना कोपागंज जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया-

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी घोसी के कुशल निर्देशन में तथा थानाध्यक्ष कोपागंज जनपद मऊ के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 26.06.2026 को गुम हुए 01 अदद मोबाइल फोन साइबर क्राइम पुलिस टीम थाना कोपागंज जनपद मऊ द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद कर उनके मालिक को तस्दीक कर सुपुर्द किया गया।

मऊ पुलिस आमजन से अपील करती है किं मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल CEIR पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराये अथवा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क करें जिससे त्वरित कार्यवाही कर गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी सुनिश्चित की जा सके।